Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to set up high level enquiry committee for flawless and effective implementation of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़) : माननीय सभापति जी, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को सड़कों के निर्माण हेतु धन मुहैया कराया जाता है, लेकिन पीएमजीएसवाई में जो धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है, उसमें मॉनिटरिंग के अभाव में वह मूल रूप से संचालित नहीं हो पा रही है।

पीएमजीएसवाई हेतु एक पृथक से डेडिकेटेड यूनिट स्थापित की जानी चाहिए किंतु उत्तर प्रदेश में पीएमजीएसवाई में पीडब्ल्यूडी द्वारा स्थापित एक पृथक खंड होने के बावजूद भी कुछ जनपदों में आरईएस को अलग से इसका कार्य दे दिया गया है।

मेरे लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में ग्रामीण अभियंत्रण सेवा जिसमें पृथक से इस कार्य के लिए न तो अभियंता है न ही तकनीकी सेवा के अनुसार कर्मचारी हैं, फिर भी उन्हें यह कार्य सौंप दिया गया और उनके द्वारा मनमाने तरीके से टेंडर आदि प्रक्रिया अपनाकर गलत तरीके से सड़कों का निर्माण आरंभ करा दिया गया है। मनमाने तरीके से सभी कार्य आनन-फानन में करके भारत सरकार के पैसे का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी से मांग करता हूं कि जनपद प्रतापगढ़ में प्रधान मंत्री सड़क निर्माण योजना हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष अपनाई गई प्रक्रिया और उसके सापेक्ष आरंभ किए गए कार्य तथा मानक के अनुरूप न होने के बावजूद भी आरईएस विभाग को सौंपे गए कार्य के लिए भारत सरकार की एक उच्च स्तरीय तकनीकी टीम गठित कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित कराते हुए उत्तर प्रदेश में पूर्व से

स्थापित पीएमजीएसवाई के पीडब्ल्यूडी के अलग से खंड के माध्यम से ही कार्य संपादित कराए जाने हेतु निर्देश निर्गत कराने का कष्ट करें।